## न्यूज डायरी

### सेक्रेड गेम्स से यूएई में एक भारतीय व्यक्ति की रातों की नींद हराम हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स के दूसरे संस्करण के दौरान शारजाह में एक भारतीय व्यक्ति का मोबाइल नम्बर दिखाये जाने के बाद उसकी रातों की नींद हराम हो रही है। उनके फोन की घंटी दुनियाभर से आ रही अवांछित कॉल से बजती रहती है। एक स्थानीय तेल कंपनी में काम करने वाले केरल निवासी कुन्हाब्दुल्ला सीएम (37) का फोन नम्बर 15 अगस्त को दिखाए गए नए संस्करण के पहले ऐपिसोड में काल्पनिक गैंगस्टर सुलेमान ईसा के नम्बर के रूप में फ्लैश हो गया था। कुन्हाब्दुल्ला ने गल्फ न्यूज से कहा, 'भारत, पाकिस्तान, नेपाल, यूएई और दुनियाभर से पिछले तीन दिनों से लगातार मेरे फोन पर कॉल आ रहे हैं। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मेरे फोन की घंटी सुनकर मैं परेशान हो जाता हूं। मैं अपना नंबर रद्द करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि यह समस्या दूर हो जाए।'

### सऊदी अरब में महिलाओं पर लगे यात्रा प्रतिबंधों में ऐतिहासिक सुधार लागू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब में 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए यात्रा के क्षेत्र में बड़े सुधार लागू कर दिए गए। पासपोर्ट हासिल करने और किसी पुरुष संरक्षक की अनुमति के बिना विदेश यात्रा की इजाजत संबंधी ऐतिहासिक सुधारों को लागू कर दिया गया है। इन सुधारों की घोषणा इसी महीने की शुरुआत में की गई थी। मंगलवार को इन्हें लागू कर दिया गया। इस कदम से प्रतिबंधात्मक संरक्षकता प्रणाली कमजोर हुई है जो लंबे समय से महिलाओं के दमन का प्रतीक रही है। विभाग ने ट्विटर पर कहा, 'पासपोर्ट विभाग ने पासपोर्ट की अवधि बढ़ाने या पासपोर्ट जारी करने और देश से बाहर यात्रा की अनुमति के संबंध में 21 वर्ष और उससे अधिक महिलाओं के आवेदन स्वीकार करने आरंभ कर दिए हैं।'

### आईसीजे जाने की कुरैशी की घोषणा पर खुद पाक में नहीं एकराय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर पर भारत सरकार के फैसले के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) जाने की विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की घोषणा को लेकर पाकिस्तान में सर्वसम्मति है या फिर यह भारत के खिलाफ उठाए गए एक के बाद एक बेतुके कदमों का महज हिस्सा है। पाकिस्तान से उठ रही आवाजों को देखें तो मामला कुछ और ही लगता है। अपनी बौखलाहट में विदेश मंत्री तो आईसीजे में जाने की गीदड़भभकी दे बैठे, लेकिन हकीकत तो यह है कि देश का विधि मंत्रालय इसे लेकर असमंजस की स्थिति में है। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, विधि मंत्रालय को अभी इस बारे में अंतिम राय देना बाकी है कि इस मामले को आईसीजे में उठाया जाए या नहीं। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार कई वकीलों ने भी विदेश मंत्री के इस बयान पर आश्चर्य जताया है।



### इटली की बीच से सफेद रेत ले जानेवाले दंपती को हो सकती है 6 साल की जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सरदिनिया। इटली की समुद्र तट से रेत उठाकर ले जानेवाले दंपती को अब 6 साल तक की जेल हो सकती है। सीएनएन में छपी खबर के अनुसार, इटली के सरदिनिया बीच पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इस टापू की प्राकृतिक सुंदरता को बचाने के लिए कुछ सख्त कानून भी हैं। सरदिनिया बीच पर छुट्टी बनाने गए फ्रांस के दंपती को अब 6 साल की जेल की सजा भुगतनी पड़ सकती है। दंपती छुट्टियां मनाने के बाद यादगार के तौर पर समुद्र की सफेद रेत को बोतल में भरकर ले जा रहे थे। इटली में सफेद रेत सुरक्षित रखने के लिए कानून है। अगर सफेद रेत को क्षति पहुंचाई जाए या इसे लेकर जाया जाए तो पर्यटकों को जुर्माने के साथ जेल की सजा का प्रावधान है। फ्रेंच दंपती का कहना है कि उन्हें रेत संरक्षण कानून की जानकारी नहीं थी और उन्होंने अनजाने में ऐसा किया। पोर्टो टोरेस शहर की पुलिस ने रोजाना होनेवाली आम चेकिंग में दंपती के कार में बोतल में भरी रेत जब्त की।

# 'देशभक्त' प्रियंका चोपड़ा से बौखलाया पाकिस्तान

**बौखलाहट**

## यूएन से की प्रियंका चोपड़ा को गुडविल ऐंबैसडर के पद से हटाने की मांग



शिरीन एम. मजारी।

■पाकिस्तान की मानवाधिकार विभाग की मंत्री ने यूएन को चिट्ठी लिखी है

■चिट्ठी में मंत्री द्वारा भारतीय सरकार व सेना पर भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान। पाकिस्तान की मानवाधिकार विभाग की मंत्री शिरीन एम. मजारी ने यूएन में प्रियंका चोपड़ा को गुडविल ऐंबैसडर के पद से हटाने की मांग की है। इसके संबंध में लिखी गई चिट्ठी को उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। मजारी ने अपनी चिट्ठी में पहले कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने, मोदी सरकार की नीतियों और भारतीय सेना पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद उन्होंने लिखा कि प्रियंका चोपड़ा भारतीय सरकार और सेना द्वारा उठाए गए कदम का समर्थन करती हैं, इसलिए उन्हें हटाया जाना चाहिए।

प्रियंका चोपड़ा खुलकर कश्मीर को लेकर भारत सरकार की नीतियों का समर्थन करती हैं और उन्होंने भारत के रक्षा मंत्री द्वारा पाकिस्तान को दी गई परमाणु हमले की धमकी का भी समर्थन किया था। ये सब यूएन गुडविल ऐंबैसडर के शांति और दया–भाव के सिद्धांतों के खिलाफ है।

**क्या है पूरा मामला**

बता दें कि, कुछ दिनों पहले प्रियंका चोपड़ा का एक विडियो सामने आया था जिसमें कार्यक्रम के दौरान एक पाकिस्तानी महिला ने ऐक्ट्रेस पर युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। महिला ने कहा था, 'आप यूनाइटेड नेशन की गुडविल ऐंबैसडर हैं और पाकिस्तान में न्यूक्लियर वॉर को बढ़ावा दे रही हैं। एक पाकिस्तानी होने के नाते मेरे जैसे करोड़ों लोगों ने आपको आपके बिजनस में सपॉर्ट किया है। दरअसल, महिला प्रियंका के फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद किए गए एक ट्वीट के संदर्भ में बात कर रही थी जिसमें ऐक्ट्रेस ने इंडियन एयरफोर्स के सपॉर्ट में ट्वीट करते हुए लिखा था, जय हिंद।

प्रियंका चोपड़ा ने महिला को करारा जवाब दिया था। मेरे पाकिस्तान के कई सारे दोस्त हैं और मैं भारत से हूं। युद्ध ऐसी चीज नहीं है जिसके मैं पक्ष में हूं लेकिन मैं देशभक्त हूं। मैं माफी मांगती हूं, अगर मैंने उन लोगों की भावनाएं आहत की हों जो मुझे पसंद करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम सभी में एक मिडिल ग्राउंड होता है जिस पर हमें चलना होता है, जैसा कि शायद आप भी कर रही हैं। जिस तरह से आप अभी मेरे पास आई हैं, चिल्लाइए नहीं। हम सभी यहां प्यार के लिए हैं।

इसके बाद पाकिस्तान की एक ऐक्ट्रेस और उनके पति ने सोशल मीडिया पर यूएन के नाम खुला पत्र लिखा था और उन्होंने प्रियंका को हटाने की मांग की थी।

## अफगानिस्तान से पूरी तरह से अमेरिकी सैनिकों की वापसी नहीं होगीः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि अफगानिस्तान से पूरी तरह से अमेरिकी सैनिकों की वापसी नहीं होगी। उनका कहना है कि अमेरिका को इस युद्धग्रस्त देश में मौजूद रहना ही होगा। ट्रंप ने अपने ओवल कार्यालय में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, 'हमारे पास खुफिया जानकारी रहेगी और हमारा कोई न कोई वहां हमेशा मौजूद रहेगा।' ट्रंप अफगानिस्तान में तालिबान के साथ चल रही शांति वार्ता पर संवाददाताओं के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वह कई विकल्पों पर गौर करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, 'एक विकल्प तो अभी चल रहा है। हम एक योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मुझे नहीं पता कि मुझे यह योजना स्वीकार होगी या नहीं,हो सकता है कि वह उन्हें स्वीकार न हो।

**कई विकल्पों पर विचार किया जा रहा है**

तालिबान से बातचीत जारी रहने पर ट्रंप ने एक बार फिर सकारात्मक संदेश दिए। उन्होंने कहा कि हम बात कर रहे हैं। हमारी अच्छी बातचीत चल रही है और हम देखेंगे कि क्या होता है। अफगानिस्तान पर एक बार फिर प्रेजिडेंट ने कहा, अन्य राष्ट्रपतियों ने जो किया है, यह उससे ज्यादा है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर नेपाल के दौरे पर हैं। जयशंकर आज से नेपाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह भारत–नेपाल संयुक्त आयोग की पांचवी बैठक में हिस्सा लेने वहां पहुंचे हैं। नेपाल दौरे पर आज विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की है। विदेश मंत्री जयशंकर आज नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली के साथ भारत–नेपाल संयुक्त आयोग की 5वीं बैठक की सह–अध्यक्षता करेंगे। संयुक्त आयोग की इस बैठक में भारत–नेपाल संबंधों के संपूर्ण सरगम पर चर्चा की जाएगी।

## ट्विटर-फेसबुक ने बंद किए चीन समर्थित अकाउंट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

केट कॉन्नर, सैन फ्रांसिस्को। रूस की ही तरह चीन ने भी सोशल मीडिया का प्रयोग अपने पक्ष में माहौल बनाने और भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए शुरू कर दिया है। हॉन्ग कॉन्ग में चीन के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों को हिंसक और युद्ध जैसे हालात फेसबुक और ट्विटर अकाउंट के जरिए बताया जा रहा है। पिछले कुछ सप्ताह से चीन से जुड़े कई ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का प्रयोग हॉन्ग कॉन्ग प्रदर्शन के खिलाफ भ्रामक प्रचार के लिए किया जा रहा है।

**सोशल मीडिया पर प्रदर्शन के खिलाफ भ्रामक सूचना**

फेसबुक और ट्विटर ने भी इसकी पुष्टि करते हुए मंगलवार को बयान जारी किया। दोनों सोशल मीडिया कंपनी ने कहा, चीन से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए हॉन्ग कॉन्ग प्रदर्शन को हिंसक और चरम स्थिति तक पहुंचा हुआ बताने का प्रचार किया जा रहा है।इ कुछ दिन पहले ही चीन से संबंधित एक अकाउंट ने हॉन्ग कॉन्ग के प्रदर्शनकारियों की तुलना आईएस के आतंकियों से की। इसी तरह एक ट्विटर अकाउंट पर मेसेज दिया गया, 'हम ऐसे कट्टर लोगों को हॉन्ग कॉन्ग में नहीं चाहते हैं। यहां से बस चले जाओ!

■हॉन्ग प्रदर्शन के खिलाफ कर रहे थे दुष्प्रचार

**फेसबुक-ट्विटर ने बंद किए कई अकाउंट्सः** फेसबुक और ट्विटर ने कहा कि ऐसे भ्रामक और प्रदर्शन के खिलाफ गलत जानकारी देनेवाले सोशल मीडिया अकाउंट्स को बंद कर दिया गया है। फेसबुक ने कहा, 3 फेसबुक ग्रुप, 7 फेसबुक पेज और 5 अकाउंट्स को हॉन्ग कॉन्ग प्रदर्शन के खिलाफ भ्रामक जानकारी देने के कारण बंद कर दिया गया। ट्विटर ने भी जानकारी दी है कि 936 ऐसे अकाउंट्स को बंद कर दिया गया है।

**आईपी अड्रेस से चीन समर्थित अकाउंट्स का पता चला:** ट्विटर ने यह भी कहा कि चीन आधारित अकाफंट्स की पुष्टि आईपी अड्रेस के जरिए हुई है। इनमें से कुछ अकाउंट्स का प्रयोग अनब्लॉक आईपी अड्रेस के जरिए किया गया। चीन में ट्विटर के प्रयोग पर बैन है। इसलिए कुछ अनब्लॉक आईपी अड्रेस इस बात की पुष्टि करते हैं कि इन्हें सरकार द्वारा समर्थन है।

### बोरिस जॉनसन ने पीएम मोदी से की बात, बोले -द्विपक्षीय मामला है कश्मीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने पीएम नरेंद्र मोदी से स्पष्ट कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मामला है। मोदी और जॉनसन के बीच मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत में कश्मीर में मौजूदा हालात के अलावा भारत एवं पाकिस्तान के बीच साझीदारी की महत्ता पर चर्चा की गई। जॉनसन ने डाउनिंग स्ट्रीट में पिछले महीने पदभार ग्रहण करने के बाद से विश्व के कई नेताओं से फोन पर बात की है। मोदी और जॉनसन की बातचीत भी इसी श्रृंखला का हिस्सा थी। ब्रिटिश पीएम कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने फोन कॉल की जानकारी देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन का मानना है कि कश्मीर एक ऐसा मामला है जिसे भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय स्तर पर सुलझाना चाहिए। उन्होंने वार्ता के जरिए मामलों को सुलझाने की महत्ता पर जोर दिया।' उल्लेखनीय है कि भारत ने जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा हटा दिया है और उसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया है, जिसकी पृष्ठभूमि में जॉनसन ने मोदी के साथ बातचीत में कश्मीर का जिक्र किया।